## श्री राणी सती मंदिर में नवमी बदी महोत्सव संपन्न

# 108 महिलाओं ने की दादीजी की महाआरती

### सुबह में सवामनि और संध्या में छप्पन भोग किया गया अर्पित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री राणी सती मंदिर प्रांगण में रविवार को प्रातः 05:00 बजे मंगला आरती के साथ नवमी बदी महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रातः 06:00 बजे से सवामनि का भोग लगाया गया। इसके बाद पूरे दिन अपने परिवार के साथ भक्तों ने दादीजी को सवामणि का भोग चढ़ाया। प्रातः 07:00 दादी जी को छप्पन भोग अर्पण किया गया। पूरे दिन दादी भक्तों ने सपरिवार पहुंचकर उनकी पूजा अर्चना की एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



संध्या 07:00 बजे से नवमी मंडल ने नवमी कीर्तन किया। भजन की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। इसके बाद दादीजी के दादी मारे घरा पधारो..., लाया थारी चुनरी करियो मां स्वीकर... आदि भजनों की गंगा प्रवाहित की गई। रात्रि 08:00 बजे 108 महिलाओं ने दादीजी की महाआरती की। रात्रि 09:00 बजे समापन आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

महोत्सव संयोजक मनोज जालान ने बताया कि सभी दादी भक्तों के सहयोग से यह चार दिवसीय नवमी बदी महोत्सव कार्यक्रम बहुत ही सुंदर ढंग से संपन्न हुआ। उसके लिए सभी दादी भक्तों का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। अध्यक्ष सतीश तुलस्यान ने सभी मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त किया। महोत्सव को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के न्यासी रतन जालान, भानु जालान, अध्यक्ष सतीश तुलस्यान, मंत्री गजानंद अग्रवाल, श्रवण जालान, अमर पोद्दार, मनोज जालान, कमल खेतावत, प्रदीप नारसरिया, प्रदीप राजगढ़िया, पवन जालान, अजय जालान, राजा भालोठिया, मनोज अग्रवाल, राजेश जालान, आशुतोष खेतान, लोकेश जालान, गौतम अग्रवाल, तरुण सराफ, संजय केडिया एवं अन्य दादी भक्तों का महती योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### हत्या मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** नए विद्यार्थियों के स्वागत में आयोजित फ्रेशर्स पार्टी के दौरान छात्रों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट में राजा कुमार पासवान की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच छात्रों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार छात्रों में मौसम कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, निपुण तिर्की, साहिल अंसारी और इरफान अंसारी शामिल हैं। इनके पास से मारपीट में इस्तेमाल किए गए दो बेल्ट और मृतक राजा कुमार पासवान का पहना गया शर्ट एवं जैकेट बरामद किया गया है। छात्रों की पार्टी मेसरा ओपी क्षेत्र के बीआईटी पॉलिटेक्निक संस्थान में विगत दिनों हुई थी। मेसरा ओपी प्रभारी संजीव ने रविवार को बताया कि गत 14 नवंबर को छात्रों के दो गुट में मारपीट हुई थी। इस दौरान मारपीट में घायल युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद मृतक राजा कुमार पासवान के पिता चंदन कुमार पासवान ने अपने पुत्र की मारपीट कर हत्या करने का अरोप लगाते हुए कॉलेज प्रबंधन और अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। अनुसंधान के क्रम में कुल पांच आरोपियों गिरफ्तार किया गया है।

### फायरिंग मामले में सुजीत सिन्हा गिरोह का हाथ

**रांची।** रांची जिले के ओरमांझी के बिरसा जू के पास फायरिंग मामले में जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह की संलिप्तता सामने आई है। इस घटना की जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली है कि जमीन कारोबारी से सुजीत सिन्हा गिरोह ने रंगदारी की मांग की थी। हालांकि, जमीन कारोबारी ने इस संबंध में न तो पुलिस को जानकारी दी, न ही रंगदारी दी। इसी को लेकर सिन्हा गिरोह के अपराधी जमीन कारोबारी जायसवाल को गोली मारने आए थे। लेकिन, उनके बीच में जायसवाल के दो कर्मचारी आजाद और जावेद अंसारी आ गए और दोनों को गोलियां लग गईं। इस मामले को लेकर ओरमांझी थाने में सुजीत सिन्हा और उसके गिरोह के अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



**जेल में बंद है कुख्यात गैंगस्टर सुजीत**

**ओरमांझी थाने में दर्ज की गई है प्राथमिकी**

### लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने कराया पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने कला केंद्र सिंह मोड में लायंस इंटरनेशनल पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। पीस पोस्टर प्रतियोगिता में 11 से 13 वर्ष आयु के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि यह प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शांति और सौहार्द की भूमिका विकसित करना है। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने पोस्टर पर विश्व शांति के रंग भरे। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से विश्व शांति का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में नैना कुमारी, शांभवी रोशन एवं अलीशा होरो को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। क्लब के पूर्व अध्यक्ष सह जोनल चेयरपर्सन लायन शैलेश अग्रवाल ने कार्यक्रम की संयुक्त रूप से शुरुआत पीस पोस्टर किट के अनावरण के साथ किया। इस अवसर पर क्लब के सचिव लायन मनोज कुमार मिश्रा के द्वारा बच्चों को पीस पोस्टर के थीम को आत्मसात करने एवं बड़े होकर विश्व शांति के प्रयासों में भाग लेने को कहा गया।

### बीआईटी मेसरा में फैकल्टी क्रिकेट लीग 30 से

**रांची।** बीआईटी मेसरा में फैकल्टी क्रिकेट लीग के 13वें संस्करण का शुभारंभ आगामी 30 नवंबर से होगा। फैकल्टी क्रिकेट लीग की शुरुआत 2011 में हुई थी और यह विरासत इस साल भी जारी रहेगी। उद्घाटन खिताब मैकेनिकल हीरोज ने जीता था। इस वर्ष कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं- कंप्यूटर सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स, रॉयल एडमिन्स, मैकेनिकल सुपर डायनेमिक, इलेक्ट्रोबॉल्स्टर्स और देवघर प्रीडेटर्स। उद्घाटन मैच 30 नवंबर को क्रिकेट ओवल बीआईटी मेसरा में गत चैंपियन कंप्यूटर सुपर किंग्स और रॉयल एडमिंस के बीच खेला जाएगा। 30 नवंबर से 14 नवंबर 2024 तक कुल 15 लीग मैच खेले जाएंगे। फाइनल 15 दिसंबर 2024 को खेला जाएगा। टूर्नामेंट को सभी भाग लेने वाले संकाय सदस्यों द्वारा आर्थिक रूप से समर्थित किया गया है।

### याज्ञवल्क्य बने बिहार झारखंड के संगठन मंत्री

**रांची।** गोरखनाथ में आयोजित हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन में याज्ञवल्क्य शुक्ल को बिहार-झारखंड क्षेत्र का क्षेत्रीय संगठन मंत्री बनाया गया है। याज्ञवल्क्य मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले से हैं। इनकी शिक्षा रांची विश्वविद्यालय से भूगोल विषय में पीएचडी तक हुई है। शुक्ल ने शोध झारखंड के पलामू प्रमंडल में कोरबा जनजाति का सांस्कृतिक भूगोलीय अध्ययन विषय पर किया है। उन्होंने नीलांबर-पितांबर विश्वविद्यालय से भूगोल विषय में परास्नातक में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वह विद्यालयीन काल से अभाविप के संपर्क में हैं। वर्ष 2009 से वह पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। वे 2007 में जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा के निर्वाचित छात्रसंघ अध्यक्ष तथा रांची विश्वविद्यालय के निर्वाचित छात्रसंघ उपाध्यक्ष रहे हैं।

### बीआईटी मेसरा में विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**रांची।** बीआईटी मेसरा ने 24 नवंबर 2024 को एकदिवसीय अंतरस्कूल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की मेजबानी की। यह प्रश्नोत्तरी भारत सरकार के वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व अभियान के तहत आयोजित की गई थी और डीएसटी पर्स ग्रांट के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा को रुपये का प्रतिष्ठित डीएसटी पर्स अनुदान प्राप्त हुआ। झारखंड राज्य के लिए मशीन लर्निंग और जियोस्पेशियल एनालिटिक्स के क्षेत्र में उन्नत अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए 2022 में 8.4 करोड़ (लगभग)। अनुदान से बीआईटी मेसरा में झारखंड राज्य के लिए भू-स्थानिक विश्लेषिकी और समाधान के लिए मशीन लर्निंग पर उन्नत अनुसंधान केंद्र की स्थापना हुई है।

एक दिवसीय क्विज प्रतियोगिता में बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, नामकुम, ब्रिजफोर्ड पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेल टाउनशिप, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, डीएवी स्कूल बरियातू, डीएवी स्कूल गांधीनगर, टेंडर हार्ट सीनियर सहित दस स्कूलों ने भाग लियामाध्यमिक विद्यालय और सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल। प्रतियोगिता में 50 से अधिक उत्साही प्रश्नोत्तरी ने अपने-अपने स्कूलों का प्रतिनिधित्व किया। इस कठिन एक दिवसीय कार्यक्रम में दो सेमीफाइनल राउंड और एक फाइनल राउंड हुआ और इसका संचालन कोलकाता के अनुभवी क्विज मास्टर श्री राजीब सान्याल ने किया। प्रतियोगिता बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल ने जीती, जिसका प्रतिनिधित्व रचित सिंह, संदेश लक्ष्य और अश्विनजीत सिंह ने किया। ब्रिजफोर्ड स्कूल इस आयोजन में उपविजेता रहा और इसका प्रतिनिधित्व अतिक्ष राज, सिद्धार्थ दास और अमन कुमार ने किया। एमएस। डीएवी गांधी नगर की आराध्या प्रधान ने सर्वश्रेष्ठ लड़की क्विजर का पुरस्कार जीता, जबकि टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के श्री अगस्त्य कुमार गुप्ता को उस दिन समग्र सर्वश्रेष्ठ क्विजर घोषित किया गया।

## नई सरकार से हर क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को है उम्मीदें

# झारखंड की महिलाओं की चाहत, कल्पना बनें मंत्री

**व्यापारियों को भी है सरकार से कई उम्मीदें**



**2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए को 56 सीट मिली हैं**

**काजल मेहता**

रांची। झारखंड में विस चुनाव के बाद विगत शनिवार को मतगणना हुई और जनता के सामने तस्वीर साफ हो गई कि किस पार्टी के कौन प्रत्याशी विधानसभा पहुंचे और कौन नहीं। साथ ही, यह भी स्पष्ट हो गया कि आईएनडीआईए और एनडीए में किसकी सरकार बनेगी। वर्ष 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए को जहां 56 सीटें मिली हैं, वहीं एनडीए को केवल 24 सीट। एक सीट अन्य पार्टी को मिला है। ज्ञात हो कि झारखंड में 81 विधानसभा सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 41 सीटें चाहिए।

इधर, परिणाम आते ही जनता के मन में कई सवाल भी उठ रहे हैं, जैसे कौन मंत्री बनेगा और क्या विभाग मिलेगा। वैसे, ज्यादातर महिलाएं कल्पना सोरेन को मंत्री के रूप में देखना चाहती हैं। इन्हीं सभी को लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल ने झारखंड की आधी आबादी से जानना चाहा कि नई सरकार से उनकी क्या उम्मीदें हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सरकारी बस चले : तनुश्री सरकार



सीडब्ल्यूसी खूंटी की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने कहा, झारखंड सरकार का धन्यवाद कि उन्होंने एक हजार रुपये मंईयां योजना के तहत दिया और आगे भी देते रहंगे। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने बच्चों का बेहतर देखभाल और अपने कई काम आसानी से कर पा रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में सबसे पहले सरकार को महिला आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति पर ध्यान देना चाहिए, ताकि महिलाओं के खिलाफ हो रहे घरेलू अपराधों पर रोक लग पाए। कहा, झारखंड के किसी भी जिले के ग्रामीण क्षेत्र से जो महिलाएं शहर जाती हैं, चाहे वह नौकरी हो या कोई अन्य काम, उनके लिए सरकारी बसों का इंतजाम हो। तनुश्री ने कहा, झारखंड में कल्पना सोरेन ने महिलाओं के प्रति एक अलग प्रेम भाव प्रकट किया है। वे एक मिसाल बन गई हैं। इतने कम समय में कल्पना सोरेन ने झारखंड की हर महिला के दिल में जगह बना ली है। इसलिए कल्पना सोरेन को युवा कार्य और महिला, बाल विकास मंत्री बनाया जाना चाहिए। कल्पना सोरेन को सीएम की पत्नी होने का घमंड नहीं है, बल्कि उन्हें झारखंडी होने का गर्व है। उन्हें मंत्री बनने का पूरा अधिकार है।

### अधिकारों का ज्ञान महिलाओं को जरूर हो : अधिवक्ता चैताली



झारखंड में महिला के खिलाफ या अन्य अपराधों के नियंत्रण के लिए झारखंड सरकार को क्या करना चाहिए, यह पूछे जाने पर झारखंड हाईकोर्ट की अधिवक्ता चैताली ने कहा कि महिलाओं को और भी सशक्त करने की जरूरत है। महिलाओं को हर क्षेत्र की शिक्षा दी जाए, ताकि गलत व्यवहार होने पर वे सवाल उठा सकें। उन्होंने कहा, शिक्षा के साथ महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी ग्रामीण इलाकों में पंचायत सभा के दौरान दी जानी चाहिए। हर जिले में महिला थाना के अलावा फीमेल विंग/ रूम बनाया जाना चाहिए। वहां महिलाओं की हर तरह की परेशानियों को सुलझाने के लिए महिला अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। चैताली ने कहा, झारखंड सरकार के प्रतिनिधियों को हर क्षेत्र की महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के संबंध में नए सिरे से सर्वे करना चाहिए। सर्वे के बाद नियंत्रण के लिए एक रोडमैप तैयार करना चाहिए।

### जमीनी स्तर पर काम करे सरकार : विश्वजीत स्वांसी



राजधानी के रहने वाले विश्वजीत स्वांसी ने रांची के विकास मामले पर कहा, रांची झारखंड की राजधानी है। यहां झारखंड का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां हर एक सुविधा देने की कोशिश की गई है। फिर भी राजधानी में कई खामियां हैं, जिस पर झारखंड सरकार को जमीनी स्तर पर ध्यान देना होगा। राजधानी में राज्य के विकास का माध्यम होता है। युवाओं के रोजगार पर विचार करना होगा। राजधानी की हर सड़क को बेहतर बनाना और जाम का हल ढूंढना होगा। सड़कों के निर्माण पर ध्यान देना होगा। कई दशक पुरानी बिजली की जर्जर तारों को हटाना होगा। ऐसी ही कई चीजें है, जिस पर सरकार के प्रतिनिधियों या अधिकारियों के ध्यान देने मात्र से राजधानी विकास की और बढ़ सकती है।

### खिलाड़ियों को सरकार से है उम्मीदें : तीरंदाज दीप्ति



आर्चरी की खिलाड़ी दीप्ती ने कहा, झारखंड में खिलाड़ियों की कमी नहीं है और ना ही जोश और उत्साह की कमी है। कई बार खिलाड़ी बच्चे अपने खेल में बहुत आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन एक समय के बाद ठहर जाते हैं, क्योंकि उनके पास घर की जिम्मेदारी आ जाती है। सरकार को खेल कोटे से खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा नौकरी देने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, खेल के दौरान गरीब तबके के बच्चों को आर्थिक रूप सहायत दी जानी चाहिए। बच्चे अक्सर खेल के कपड़े या खेल से जुड़ी वस्तुएं ना होने के कारण खेल नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा झारखंड ने पूरे देश को कई अच्छे खिलाड़ी दिए हैं। झारखंड सरकार से उम्मीद है कि वह हमारी बातों को जरूर सुनेगी।

### व्यापारियों पर विशेष ध्यान दे झारखंड सरकार : ज्योति



फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की वाइस प्रेसिडेंट ज्योति ने कहा, झारखंड में सरकार को व्यापारियों पर ध्यान देना चाहिए। व्यापारियों को सरकार से कई उम्मीदें हैं और भरोसा भी है कि सरकार व्यापारियों की परेशानियों को समझते हुए उसपर जरूर विचार करेगी।

## गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में सजा शुक्राने का दीवान

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने रविवार की दोपहर 3:30 बजे से कृष्णा नगर कॉलोनी, रांची के गुरुद्वारा साहिब में शुक्राने का दीवान सजाया। दीवान की शुरुआत दोपहर 3:30 बजे श्री सुखमनी साहिब जी के सामूहिक पाठ से हुई। गुरुद्वारा साहिब में उपस्थित साध संगत ने श्रद्धाभाव से एक स्वर में श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ का उच्चारण सवा घंटे तक किया। इसके बाद स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा किलविखो नसवंजो करता घर आया... तथा कल तारण गुरु नानक आया... शबद गायन हुआ। शाम 4:30 बजे से 5:30 बजे तक हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने इक बाबा अकाल पूरख दूजा रबाबी मरदाना... तथा कलयुग बाबे तारेआ... और नानक आइआ नानक आइआ सतनाम पढ़ मंतर सुणाईआ... जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया। शबद गायन के क्रम में गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा ने कथावाचन करते हुए साध संगत को बताया कि श्री गुरुनानक देव जी का जन्म सन 1469 में राय भोई की तलवंडी, ननकाना साहिब (वर्तमान में पाकिस्तान में) में हुआ था।

## रांची पहुंचे शिहान सुनील किस्पोट्टा का हुआ भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन बने शिहान सुनील किस्पोट्टा के रांची आगमन पर रांची एयरपोर्ट पर खिलाड़ी और खेल प्रेमियों द्वारा पारंपरिक नृत्य और फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। पिछले 22 नवंबर को दिल्ली में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा के द्वारा सुनील किस्पोट्टा को ट्राइबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव क्योसी संजीव जांगड़ा ने उनका स्वागत करते हुए आगे कार्य के लिए मार्गदर्शन दिया। सुनील किस्पोट्टा ने रांची पहुंचकर कहा कि देशभर में ट्राइबल और माइनॉरिटी कराटे खिलाड़ियों की संख्या अच्छी है। पर, कुछ समस्याओं के कारण वे नियमित प्रशिक्षण नहीं कर पाते हैं, जिससे वे अपने कई प्रतियोगिता में भाग भी नहीं ले पाते हैं। हम जिला स्तर से कमेटी का गठन कर इन खिलाड़ियों के लिए काम करेंगे।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा ने सामूहिक विवाह का किया आयोजन

# सात कन्याओं का कराया गया विवाह : मीरा बथवाल

**जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित हुआ शादी समारोह**

**जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संजय सर्राफ ने की प्रशंसा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



तुलसी विवाह एवं राम जानकी विवाह के उपलक्ष्य में जरूरतमंद कन्याओं का घर बसाने का संकल्प लेते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की सदस्याओं ने जगन्नाथपुर के प्रभु जगन्नाथ मंदिर के परिसर में सात जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया। यह विवाह आचार्यों एवं पंडितों द्वारा पूरे विधि-विधान, मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह में रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला जिले के वर-वधुओं में संजय कुजूर संग नंदिनी तिर्की, राम उरांव संग पुष्पा टोप्पो, सज्जन मुंडा संग संगीता कुमारी, प्रासर सिंह संग अनिमा बांडो, मंजीत सिंह संग मारग्रेट सांगा, सुदर्शन सिंह बिक्षिया संग सुकरी स्वांसी एवं अजय लकड़ा संग करनी कच्छप परिणय सूत्र में बंधे। यह आयोजन पिछले कई वर्षों से अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के आह्वान पर होता आ रहा है। मीरा बथवाल ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह समाज में समानता, सादगी और एकता का प्रतीक बन गया है। अब तक 50 से भी अधिक जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। इस बार भी सात कन्याओं का विवाह कराया गया है। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हन के कपड़े, चुनरी, कुर्ती, नाइटी, बेड, कोट, पैंट, तकिया, गद्दा, फोल्डिंग बेड, एक महीने का राशन, घड़ी, कैस्ट्रॉल, स्वेटर, शॉल, मच्छरदानी, कंबल, बर्तन सेट, जग, मग, बाल्टी, टब, बाथरूम का किट, पाटा, कुर्सी, टेबल, रामायण, आयरन, अटैची, बैग, मेकअप का सामान एवं अन्य कई सामग्रियां संस्था की तरफ से दी गईं। विवाह के बाद सभी को शादी का सर्टिफिकेट भी दिया गया। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी महिला सम्मेलन झारखंड की अध्यक्ष मंजू बगड़िया, प्रीति अग्रवाल, जगन्नाथ मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, रमाशंकर बगड़िया, समर्पण शाखा की बहनें मुख्य रूप से उपस्थित थीं। सभी ने नवविवाहित जोड़ियां को आशीर्वाद दिया। कन्याओं का कन्यादान मीना अग्रवाल, सुनीता सरावगी, सुमन केजरीवाल, सरिता अग्रवाल, रीना सुरेखा, मधु रोहतगी, लक्ष्मी पाटोदिया ने किया। विवाह के उपरांत सबों ने एक साथ जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, निवर्तमान सचिव रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अनसूया नेवटिया, अलका सरावगी, रांची शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, सचिव उर्मिला पाड़िया, बीना मोदी, मंजू केडिया, प्रीति पोद्दार, शोभा हेतमसरिया, छाया अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रितु मोदी, उषा सोंथालिया, प्रीति फोगला, सीमा टांटीया, प्रीति अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, संगीता गोयल, मीरा टिंबरेवाल, करुणा अग्रवाल, मंजू लोहिया, आदि उपस्थित थीं। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने रांची मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह पहल वास्तव में एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की ओर एक प्रेरणादायक कदम है।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की आठवीं कार्यकारिणी की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के सत्र 2024-25 की आठवीं कार्यकारिणी बैठक रविवार को शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में अपर बाजार स्थित नानी एंक्लेव में हुई। शाखा अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में सभी प्रभारियों की प्रशंसा की तथा उन्हें और अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। मीटिंग में पिछली बैठक की कार्यवाही सभा पटल पर रखी गई। इसके बाद सचिव शुभा अग्रवाल ने अक्टूबर माह का प्रतिवेदन पेश किया। बैठक में नवंबर माह में होने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से गोसेवा, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, जनसेवा के कार्य आदि पर चर्चा हुई। साथ ही 22 और 23 मार्च को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन पर भी चर्चा की गई। झारखंड प्रांत मारवाड़ी युवा मंच मंडल-1 में पहली बार वीमेन प्रीमियर लीग क्रिकेट के आयोजन के लिए समर्पण शाखा की संयोजिका एवं सभी सदस्यों को बधाई दी गई। शाखा सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला, कविता सोमानी, दीपिका मोतीका, सौम्य गर्ग, पूजा तोदी, रितु पोद्दार उपस्थित थीं।

## एक नजर

### तोरपा में पत्थर से कूचकर अधेड़ की हत्या

**तोरपा।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के डुमारी गांव निवासी 50 वर्षीय बुधवा उरांव की अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। उसका शव तोरपा थाना क्षेत्र के रायसेमला बांधटोली के पास से रविवार को बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवा शुक्रवार को अपने घर से बांधटोली में लगे मेला देखने गया था। उसके बाद से वह घर नहीं लौटा। रविवार को उसका शव मिला। सूचना मिलने पर तोरपा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बसंती कुमारी को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में रजत पदक

**चाईबासा।** चाईबासा जिला के कुमारडुंगी प्रखंड की अंतराष्ट्रीय एथलीट बसंती कुमारी ने कर्नाटक के मंगलोर में 19-20 नवंबर तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रॉस कंट्री दौड़ चैंपियनशिप में 10 किलोमीटर दौड़ स्पर्धा में 37:52 सेकेंड समय के साथ रजत पदक जीता. बसंती कुमारी ने मेंगलोर यूनिवर्सिटी की ओर से भाग लिया था. पश्चिमी सिंहभूम जिला ओलंपिक सह एथलेटिक्स संघ के महासचिव अजय कुमार नायक बताया कि बसंती कुमारी ने पिछले वर्ष चीन में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी में भी शामिल हुई थी जिसमें वह 10वें स्थान पर रही. बसंती कुमारी को अभी एसआर रुंगटा ग्रुप के प्रबंधक मुकुंद रुंगटा द्वारा सहयोग किया जा रहा है.

### बंद घर का ताला तोड़कर नकदी समेत ढाई लाख की संपत्ति चोरी

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के भुइयांटोली शांतिनगर निवासी प्रभात पांडेय के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी समेत ढाई लाख रुपये से अधिक का जेवरात चुरा लिया। पीड़ित ने शनिवार की शाम नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाने में दिए आवेदन में प्रभात ने बताया है कि वह सरोज प्रसाद के घर में बतौर किरायेदार रहता है। 19 नवंबर को घर में ताला बंदकर तुपूदाना शादी में गया था। 22 नवंबर की रात लौटने पर देखा कि मेनगेट का ताला टूटा हुआ है और अलमारी से नगदी और जेवरात गायब है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**रांची।** मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा चौक में रविवार को बाइक और बस की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त जितेंद्र खलखो के रूप में की गई है। वह मलती गांव का रहने वाला था। थाना प्रभारी राहुल ने बताया कि बाइक सवार युवक ने सिटी राइड बस को टक्कर मार दी थी, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में उसे रिम्स अस्पताल भेजा गया था, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



आदिवासियों ने खत्री खटंगा कुंडी में मृत परिजनों की अस्थियों को किया विसर्जित

# राजा गांव बेड़ो के पाहन पुजार को रानी गांव के पाहन पुजार ने हुक्का देकर किया सम्मानित

- ऐतिहासिक हड़बोरी बूढ़ा जतरा में निभायी गयी परंपरा
- पाहन ने मंदिर के शिखर पर चढ़कर परिक्रमा किया

**सुनील कुमार गुप्ता**

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में आदिवासी परंपरा एवं रीति-रिवाज के अनुसार हड़बोरी बूढ़ा जतरा का आयोजन किया गया। सरना समिति के अध्यक्ष सुका उरांव एवं महतो राकेश भगत की देखरेख में पाहन रवि उरांव ने परंपरा निभाते हुए ऐतिहासिक महादानी मंदिर के शिखर पर आम्र पल्लव लेकर परिक्रमा किया। परिक्रमा करते हुए उन्होंने महादानी बाबा से आदिवासी परिवार में मृत अपने परिजनों की आत्मा की शांति एवं परिवार में सुख समृद्धि की कामना की, इसके पूर्व 12 पड़हा के पांच गांवों क्रमशः बेड़ो, बारीडीह, हरिहरपुर जामटोली, खत्री खटंगा एवं करांजी गांव के आदिवासियों ने खत्री खटंगा सीमाने पर अवस्थित पवित्र कुड़ी जाकर अपने परिवार में मृत लोगों की अस्थि को विसर्जित किया। इस मौके पर पुलखी पत्थर में अरवा चावल एवं उरद सहित देशी शराब एवं हंड़िया समर्पित किया। आदिवासियों की अद्भुत परम्परा के अनुसार रानी गांव बारीडीह के पाहन मघेया उरांव, पुजार होशे उरांव, महतो सुका उरांव, एवं गोंदे उरांव ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बेड़ो के पाहन रवि उरांव, गोयन्दा उरांव, पुजार पंचम तिर्की सहित अन्य लोगों को झंडा बिछाकर उन्हें बैठाया। इसके बाद पारम्परिक रूप से हुक्का देकर आदिवासी अगुवा पाहन पुजार एवं महतो सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया। इस मौके पर सामूहिक रूप से सभी सम्मानित लोगों ने हुक्का ग्रहण किया। इसके पूर्व वैसे परिवार वालों ने जिनके घरों में इस वर्ष अपने सगे संबंधियों को खोया है वैसे परिवार के लोगों ने कुंड़ी पहुंचकर पवित्र पुलखी पत्थर में पूर्वजों के नाम पर हंड़िया और शराब के साथ अरवा चावल एवं उरद समर्पित किया। अस्थियों को विसर्जित किया। इस मौके पर मुख्य रूप सरना समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुका उरांव, पड़हा राजा विशाल उरांव, सचिव सह मिडिया प्रभारी चरवा उरांव विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने कुंड़ी स्थल पर चबुतरा बनाने के लिए पहल करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों के मान मयार्दा के लिए सभी जरूरी कदम उठाना चाहिए। इस मौके पर मुखिया सुशांति भगत, पड़हा राजा विशाल उरांव, पड़हा संचालन समिति के मिडिया प्रभारी चरवा उरांव, वासुदेव उरांव, चेपो उरांव करांजी की एतवारी उराईन, चरवा उरांव, दशमी भगताईन, हरिहरपुर जामटोली के पाहन सोमरा उरांव, पुजार मंगु उरांव, महतो लखो उरांव, खत्री खटंगा के पाहन मंगल उरांव, रमेश उरांव, पुजार बुदु उरांव, नगा उरांव, महतो बुद्धदेव उरांव, करमा उरांव धर्म अगुआ विनोद उरांव सहित दर्जनों विशिष्ट लोग मौके पर मौजूद थे।

## इटकी में हड़गड़ी जतरा में मांदर की थाप पर झूमे आदिवासी



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी**
प्रखंड के कुल्ली गांव स्थित खेल मैदान में आयोजित दो दिनी 112वां हड़गड़ी जतरा सह सांस्कृतिक समारोह में आदिवासियों की पारंपरिक प्रथा की अनोखी झलक दिखी। वहीं रविवार को दिन भर लोग मृत पूर्वजों के अवशेषों को मसना (कब्र) से बाहर निकाल अंत्येष्टि अनुष्ठान में जुटे रहे। वहीं शाम में जतरा समारोह में लोग ढोल-मांदर की थाप पर झूमते नजर आए। समारोह में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रीणा देवी शामिल हुए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शाम पांच बजे अखरा से शोभा यात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व काठ के बने हाथी पर सवार होकर पाहन मंगरा उरांव और सोमा उरांव कर रहे थे। शोभायात्रा विभिन्न क्षेत्रों का परिभ्रमण कर खेल मैदान पहुंची और हड़गड़ी जतरा में बदल गई। 21 पड़हा की अगुवाई में आयोजित जतरा में विभिन्न गांवों से पहुंचे खोड़हा में शामिल हजारों महिला-पुरुषों ने मांदर की थाप पर जमकर नाच-गान किया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि आदिवासी समाज आज भी अपनी प्रथाओं को संजोकर जीवंत रखा है। पारंपरिक रीति रिवाज को बचाने की प्रवृति आदिवासियों को संस्कार में मिलती है। प्रत्येक समाज को इनसे सीख लेने की जरूरत है। समारोह में जिला परिषद सदस्य रीणा देवी ने कहा कि हड़गड़ी आदिवासी समाज की सांस्कृतिक का अहम हिस्सा है। वहीं रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम में चिंता देवी, एग्नेश कुमार, अनीता देवी, सुनैना सहित अन्य कलाकार और नृतकों ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुति देकर रात भर लोगों को झुमाते रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष मंजीत लकड़ा, राजा लकड़ा, संजय गोप, अनिल खलखो, शशि, सौरभ, रंजीत तिग्गा, अनिल लकड़ा और जगदीश आदि शामिल थे।

### राजेश कच्छप की जीत की खुशी में निकाला विजय जुलूस

**नामकुम।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश कच्छप के दोबारा जीतने की खुशी में लाली के कूदागढ़ा में कांग्रेस, झामुमो और सामाजिक संगठनों के कार्यकताओं ने विजय जुलूस निकाला। जुलूस पूरी पंचायत में घुमाया गया। इस दौरान पटाखे फोड़े गए और मिठाइयां बांटी गई। लोगों ने सभी मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए राज्य की सुख, समृद्धि की कामना करते हुए सिंगबोंगा की आराधना की। मौके पर बुधनलाल मुंडा, पुरंदर मुंडा, बुधराम मुंडा, सत्येंद्र मुंडा, एतवा मुंडा, जयपाल मुंडा, भुनेश्वर मुंडा, सुखदेव मुंडा सहित बड़ी संख्या में कूदागढ़ा ग्रामसभा के लोग मौजूद थे।

### जनता के भरोसे पर खरा उतरेंगे सुरेश बैठा: मिंटू



**खलारी।** खलारी प्रखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेशसिंह मिंटू ने सुरेश बैठा को जीत दिलाने के लिए कांके विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता सहित महागठबंधन के समस्त कार्यकताओं का आभार जताते हुए बधाई दिया है। मिंटू ने कहा कि आम जनता खासकर महिला मतदाताओं ने जिस विश्वास के साथ कांके में परिवर्तन किया है, उस भरोसे पर सुरेश बैठा खरा उतरेंगे। राज्य सरकार के साथ मिलकर खलारी की जनता की उम्मीदों को पूरा किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे के प्रसाद का वितरण



**रांची।** संत सदानंद महाराज के कथन अनुसार भूखे को भोजन खिलाने से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नही है। ऐसे में श्री कृष्ण प्रणामी निःशुल्क भंडारे का वितरण करते हुए रविवार को 177 सप्ताह हो गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में प्रत्येक रविवार को लगभग 1000 से 1500 सौ जरूरतमंद ग्रामीण, भक्तजन एवं मंदिर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु गण प्रत्येक सप्ताह को भंडारे के प्रसाद ग्रहण करते है। रविवार को 177 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी भंडारा संस्था के सदस्यों के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1100 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गुरु महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भंडारे का वितरण किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, नन्द किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा ने भंडारे के प्रसाद का विधिवत वितरण किया। आज की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप से कृष्ण प्रणामी के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल,उपाध्यक्ष निर्मल जालान, परमेश्वर साहु महिला समिति की संतोष देवी अग्रवाल,शारदा पोद्दार, रेखा पोद्दार,उर्मिला पाडिया, सुनीता अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### सुरेश बैठा की जीत पर निकला भव्य जुलूस



**ठाकुरगांव।** कांके विधानसभा क्षेत्र से आईएनडीआईए गठबंधन के उम्मीदवार सुरेश कुमार बैठा की ऐतिहासिक जीत से कांग्रेसी, झामुमो व अन्य सहयोगी दलों के कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। ज्ञात हो कि कांके विधानसभा क्षेत्र में 35 साल बाद कांग्रेस के प्रत्याशी की जीत हुई है। जीत की खुशी में रविवार को संध्या 06:00 बजे कांग्रेस नेता गोपाल जी तिवारी के नेतृत्व में भव्य जुलूस निकाला गया। साथ ही, ग्रामीणों के बीच लड्डू का वितरण किया गया। जमकर आतिशबाजी भी की गई। मौके पर गोपाल जी तिवारी ने कहा कि प्रत्याशी के आने के बाद एक और विशाल जुलूस निकाला जाएगा। मौके पर जाकिर हुसैन, विनोद मुंडा, शिवशंकर उरांव, बबलू उरांव, विजय राम, राजेश राम, उमाकांत पांडेय, दिनेश महतो समेत सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

### सड़क हादसे में एक की मौत

मांडर। प्रखंड के मुड़मा चौंक स्थित एन-एच मुख्य पथ पर रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मलती के रहने वाले बाइस वर्षीय जितेंदर खलखो नामक युवक सब्जी बेचकर ब्राम्बे बाजार से वापस अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान उक्त स्थान पर मांडर की ओर से रांची जा रही एक बस से सीधी टक्कर हो गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी गंभीर स्तिथि को देखते हुए उसे स्थानीय लोगो ने आनन फानन मे रिम्स भेज दिया। मगर रास्ते मे ही जितेंदर दम तोड़ दिया। वहाँ उपस्थित लोगो ने बताया कि मुड़मा चौक पर सड़क पर जुलुस निकाला गया था जिसके कारण ट्रैफिक को वन वे कर दिया गया था। जीतेन्द्र का ध्यान बाइक चलाते हुए जुलुस की ओर था और इसी चक्कर में उसकी टक्कर बस से हो गई। और यह टक्कर मौत का कारण बना।

### राष्ट्रीय एनसीसी दिवस पर महिला कैडेटों ने निकाली रैली

**खूंटी।** 76वें राष्ट्रीय एनसीसी दिवस के अवसर पर रविवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में पौधारोपण किया गया। साथ ही दहेज प्रथा के खिलाफ छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। बिरसा कॉलेज खूंटी की एनसीसी कैडेटो के जरिये वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रो जी किड़ो ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक संख्या में पौधा रोपण करना जरूरी है। प्राचार्या ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्रा उपाय है।

खलारी में मसीही विश्वासियों का खीस्त राजा पर्व पर भव्य शोभा यात्रा

## प्रभु यीशु प्रेम व शांति



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के मसीही विश्वासियों ने खीस्त राजा पर्व के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाला। खलारी के सभी यूनिट से ईसाई महिला, पुरूष व बच्चे उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी के निकट एकत्रित हुए। जहां पवित्र सैक्रामेंट की वंदना की गई। वहां से पवित्र सैक्रामेंट को वाहन में लेकर ढोलक, नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान लोग प्रभु यीशु का भक्ति गीत गा रहे थे। खीस्त राजा के जयकारा के साथ फूलों से पवित्र सैक्रामेंट का स्वागत किया जा रहा था। शोभायात्रा खीस्त राजा चर्च खलारी पहुंचा।

## सिल्ली में विधायक अमित महतो का हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली विधानसभा सीट से अमित महतो के जीतने की खुशी में रविवार को सिल्ली में विधायक अमित महतो का लोगों ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। रांची से सिल्ली पहुंचने पर विभिन्न चौक-चौराहों पर महिलाओं ने तिलक-चंदन लगाकर आरती उतारी और लोगों ने विधायक को फूल माला से लाद दिया। इस दौरान समर्थकों के जिंदाबाद के नारों से इलाका गुंजायमान रहा। वहीं लोगों ने जीत की खुशी में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाए और मिठाइयां खिलाई। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता सिल्ली मेन रोड, बुंडू रोड होते हुए सिल्ली में पार्टी कार्यालय में जमा हो गए, जहां अमित महतो की पत्नी पूर्व विधायक सीमा देवी और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### खूंटी में क्यों ध्वस्त हुआ भाजपा का किला

**खूंटी।** वैसे तो पूरे राज्य में भाजपा की हार हुई है, पर भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित समझी जाने वाली खूंटी जैसी सीट से पांच बार लगातार विधायक रहे और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह की करारी शिकस्त ने कई सवाल खड़े किये हैं। तोरपा से तीन के विधायक रहे कोचे मुंडा के पराजय को भी लोग विधायक कोचे मुंडा की जनता से दूरी के साथ ही भाजपा संगठन की कमजोरी के रूप में देख रहे हैं। खूंटी जिले से भाजपा का सुपड़ा साफ होने के संबंध में लोगों की अलग-अलग राय है, लेकिन सभी एक बात पर सहमत हैं कि सरकार की मैयां सम्मान योजना, बिजली बिल और कृषि ऋण की माफी ने झामुमो की जीत में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। यही कारण है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, हिमंत विसवा सरमा जैसे स्टार प्रचारक भी हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के सामने फेल हो गये। खूंटी के सबसे कद्दावर भाजपा नेता के रूप में शुमार नीलकंठ सिंह मुडा की करारी शिकस्त के संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वर्तमान विधायक को लोकसभा चुनाव के दौरान अपने बड़े भाई और वर्तमान कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा के पक्ष में अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करना महंगा पड़ गया।

कुटकी पुरनाडीह में स्थापित हुई आदिवासी वीरांगना की प्रतिमा

## सिनगी दई के जीवन से लें प्रेरणा : पुनीत मिंज



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
कुटकी पुरनाडीह में आदिवासी वीरांगना सिनगी दई की प्रतिमा स्थापना किया गया। इस मौके पर जतरा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता रामकुमार उरांव ने की। सबसे पहले सिनगी दई की प्रतिमा पर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गई और सरना प्रार्थना किया गया। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता पुनीत मिंज सहित अन्य अतिथियों ने सिनगी दई के प्रतिमा पर परंपरिक तरीके से पूजा की और उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर जतरा भी लगा था। जिसमें ग्रामीणो की भीड़ लगी रही। वही खोड़हा टीमो के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने सिनगी दई के जीवन संघर्ष के बारे प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें सिनगी दई के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आजादी की लड़ाई में महिलाओं के साथ अहम भूमिका निभाई थी। उनके योगदान को आदिवासी व महिलाएं कभी भुला नहीं सकते हैं। इस प्रतिमा के समक्ष अपना जीवन समाज के कल्याण के लिए निकालने का संकल्प ले। कहा कि जीवन को सही दिशा व समाज में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना होगा। इस अवसर पर नागपुरी आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों के गीतों पर ग्रामीण झूमते रहे। कार्यक्रम का संचालन रामलखन गंझू ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, रैयत विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता, मुखिया सरिता देवी, पंचायत समिति सदस्य अनुप्रिया कुमारी, इलियास अंसारी, दाले उरांव, दीपक दास, रंथू उरांव, मुखिया संतोष महली, विनय खलखो, नरेश गंझू के अलावा धनराज भोगता, जालिम सिंह, रोशन होरो, दीपक किस्कू, राजेंद्र उरांव, बालेश्वर उरांव, सुनील उरांव, विनय उरांव, रवि उरांव, अजय उरांव, सागर उरांव, जयपाल उरांव, विशुन उरांव, रूपलाल उरांव, रामविलास भोगता, भरत गंझु, शिवशंकर उरांव, संतोष उरांव, दिलीप उरांव, वासुदेव उरांव, नागेश्वर उरांव, कुलदीप उरांव, निर्मल उरांव, प्रभाकर गंझु बिरजू उरांव, सोनू उरांव, विनोद गंझू, सुभाष गंझु सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## 76 वां एनसीसी दिवस मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में एनसीसी दिवस मनाया गया। साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने अपनी राष्ट्रीय भावना को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न संस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी। साथ ही रोड शो, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, पोस्टर,वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने 76 वां एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी कैडेट्स को देश व समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी एएनओ लेफ्टीनेंट डॉ अमन वर्मा ने एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स की अच्छी प्रस्तुति पर विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत व राष्ट्रगान से हुआ। मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, एनसीसी के शिक्षकगण एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

महुगांव पल्ली में खीस्त राजा का पर्व मनाया गया

## प्रभु यीशु राजाओं के राजा हैं : मतियस कंडुलना



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड रोमन कैथोलिक चर्च परिसर में खीस्त राजा का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर खीस्त राजा के पर्व के दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान प्रभु यीशु मसीह एवं उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। शोभा यात्रा के दौरान कई मसीही विश्वासियों ने जीवंत झांकी प्रदर्शनी का आयोजन कर लोगों का मन मोह लिया। महुगांव पल्ली के पुरोहित फादर मतियस कंडुलना ने पवित्र सैक्रामेंट के साथ खीस्त राजा पर्व पर विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु राजाओं का राजा है जो अपने प्रजा की भलाई के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने हमें प्रेम, शांति एवं भाईचारा का संदेश दिया। हमें सबसे उत्तम मार्ग में चलने के लिए रास्ता दिखाया। वे हमेशा हमारी खुशियों के लिए मार्ग का चयन करते हैं। कार्यक्रम के दौरान फादर राजेश होरो, फादर ब्रिसियुस बरला, फादर इलियस कंडुलना, फादर फ्रांसिस होरो ने भी अपना आशिर्वचन दिया। इस मौके पर सेंट जोसेफ मध्य विद्यालय परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जमाकेल, सेमरटोली होते हुए महुगांव मिशन में एक सभा के रूप में परिणत हो गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ लीडर एवं सहायक शिक्षक समीर तोप्पनो, सुपीरियर सिस्टर रश्मि, सिस्टर सलोमी कुरियन, सिस्टर रजनी खेश, सिस्टर शालिनी, सिस्टर फ्लोरा बरला, तारसियुस होरो, अनिल होरो, विवेक बरला सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक नजर

### तीन छात्राओं का 18 वीं झारखंड स्टेट जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए चयन

**डोमचांच ।** प्रखंड के विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल नवादा चौक धरगांव की तीन छात्राओं का चयन 18 वीं झारखंड स्टेट जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप के लिए हुआ है। कोडरमा कबड्डी संघ के कोच सावन कुमार मेहता ने पुष्टि करते हुए बताया कि कोडरमा से मनीषा कुमारी, ज्योति कुमारी और सीमा कुमारी का चयन किया गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य जय प्रकाश मेहता ने खुशी जताई है। इधर छात्राओं की टीम में चयन होने से उनके परिवार में भी खुशी की लहर है। मौके पर कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र सिंह, टीम कोच सावन कुमार मेहता, खेल प्रभारी शिक्षक भीमनाथ गोस्वामी,शिक्षक ललिता मेहता, आशा, संध्या मेहता, रीतु, गौरव कुमार, अमित कुमार, लालजीत मेहता, सूदन कुमार, कैलाश दास, भोला मेहता, सूरज कुमार, समाजसेवी श्याम सुंदर यादव आदि मौजूद थे।

### डॉ नीरा के तीसरी बार विधायक बनने पर दी बधाई

**कोडरमा ।** कोडरमा विधानसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने वाली नवनिर्वाचित विधायक डॉ नीरा यादव को रोमांचक जीत की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिले के विभिन्न इलाके से लोग सुबह से ही उनके आवास पर गुलदस्ता लेकर पहुंचने लगे। इस दौरान विधायक आमजनों से मिलकर उनके प्रति आभार जताया। विधायक से मिलने वालों में भाजपा नेता देवनारायण मोदी,राजकिशोर मोदी,धनंजय यादव,राजेश सिंह,रंजीता,विजय शुक्ला,राजकुमार यादव,अनुराग सिंह समेत कई महिलाएं शामिल है। यह हमारी नहीं, कोडरमा की जनता की जीत है : डॉ नीरा तीसरी बार कोडरमा विधानसभा की विधायक चुने के बाद डॉ नीरा यादव ने कहा कि यह हमारी जीत नहीं,बल्कि यह कोडरमा की जनता की जीत है। उन्होंने कोडरमा के देवतुल्य जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने तीसरी बार हम पर भरोसा जताया है।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में युवक घायल

**डोमचांच।** प्रखंड के बेहराडीह में रविवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बेहराडीह निवासी मधुसूदन स्वर्णकार के रूप में हुई है। घायल का इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है। मामले को लेकर मधुसूदन स्वर्णकार ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर मारपीट का मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि महेश वर्मा और उसका बेटा रोशन वर्मा मेरे शौचालय की टंकी पर निर्माण का काम करवा रहा था। जब मेरी मां और बहन मना करने गई, तो महेश वर्मा और उसका बेटा मेरी मां और बहन के साथ मारपीट करने लगे। जब मैं आवाज सुनकर दुकान से गया, तो महेश वर्मा और उसका बेटा ने मेरे उपर पत्थर से वार कर दिया। इससे मेरा माथा फट गया। इसके बाद मेरे परिवार के लोग मुझे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले आए। उन्होंने बताया कि महेश वर्मा हमेशा मुझे जान से मारने की धमकी देता है।

इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता देवी सपरिवार रजरप्पा पहुंची, कहा-

## जनता ने जो विश्वास किया है, उसे कम नहीं होने दूंगी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता देवी सपरिवार रजरप्पा पहुंची। जहां उन्होंने विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर मां भगवती के आगे मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित छोटू पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर माता से राज्य की सुख और समृद्धि की कामना की। इस दौरान कांग्रेस और जेएमएम कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। ममता देवी ने कहा कि यह जीत मेरी जीत नहीं है। यह रामगढ़ विधानसभा की जनता की जीत है। जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है उस विश्वास को कभी कम नहीं होने दूंगी। मौके पर बजरंग महतो, शंकर करमाली, संतोष सोनी, बरतु करमाली, लक्ष्मण महतो, हीरालाल महतो, सुनील चक्रवर्ती, सुनील कुशवाहा, सुधीर मंगलेश, अमित महतो, करण नायक, मनोज पुझहर, दिनेश कुमार महतो, प्रदीप महतो, कमलेश कुमार महतो, गौरीशंकर महतो, उत्तम पटवा, पवन महतो, शशि सिंह, संजय पटेल, शालिनी प्रिया, चुरामन पटेल सहित कांग्रेस एवं झामुमो के कई लोग मौजूद थे।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** संत कोलम्बस मिशन हॉस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा नया बस स्टैंड स्थित सीएनआई चर्च (डीयू मिशन) में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य की जांच के अलावे दांत, आंख, बीपी एवं ब्लड जांच किया गया। वहीं अनुभवी चिकित्सकों ने लोगों का उपचार किया। शिविर में 65 जरूरतमंद लोगों का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों ने परामर्श भी दिय। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुफ्त दवाई, बीपी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एवं आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानियों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### डुमरी से जेएलकेएम की जीत एक आगाज है : रमेश कुमार महतो



**रामगढ़।** डुमरी विधानसभा से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो की जीत पर पार्टी की रामगढ़ जिला कमेटी ने हर्ष व्यक्त किया है। पार्टी के रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। झारखंड में जेएलकेएम की जीत एक नया आगाज है। टाइगर जयराम की जीत से समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। लोकतंत्र के इस महापर्व को बहुत उत्साह से लोगों ने मनाया। महिलाओं और नौजवनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इन चुनाव परिणामों से यह साफ हो गया है कि जनता अब केवल वादों पर भरोसा नहीं करती है। विकास कार्यों और जमीनी हकीकत को भी देखती है। जेएलकेएम आनेवाले दिनों मे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी बनकर उभरेगी। लोगों में एक नई उम्मीद जग चुकी है। टाइगर जयराम महतो की जीत पर केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो, केन्द्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, श्याम सुंदर महतो, दीपक महतो, प्रभुदयाल महतो, अजीत महतो, सन्नी पटेल सहित पार्टी के सैकड़ों सदस्यों ने बधाई दी है।

### जनादेश का सम्मान करती हूं,जनता की सेवा में तत्पर रहूंगी: कुमकुम



**बरकट्ठा** झारखंड विधानसभा चुनाव का मतगणना शनिवार संपन्न हुआ। जिसके बाद पेटियों में बंद बरकट्ठा विधानसभा के बीस प्रत्याशियों का भाग्य का परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम घोषणा के बाद लोकहित अधिकार पार्टी की उम्मीदवार कुमकुम ने पत्रकारों को बताया कि चुनाव बीस उम्मीदवार में से एक को ही जीतना था वह जीत गए। उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। कहा कि मैं भी चुनाव मैदान में थी मुझे सभी वर्गों,जातियों,धर्मों का प्यार और समर्थन मिला। सबों को मैं हृदय से प्रणाम करती हूं। मैं अपनी हार से जरा भी विचलित नहीं हूं। हार और जीत जीवन में आते रहते हैं। मैं सच्चे मन और पवित्र हृदय से जनता की सेवा में पहले के जैसा ही तत्पर रहूंगी। मेरा जिसने समर्थन किया और जिन्होंने नहीं भी किया सबों के लिए मैं कृतज्ञता प्रकट करती हूं। किन्हीं के प्रति मेरा जरा भी द्वेष नहीं है। मैं आप सबों के आशीर्वाद से ही पुनः 2029 विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग चुकी हूं। मैं आप सबों के आशीर्वाद से इस चुनाव में 12516 वोट प्राप्त की हूं जो मेरे लिए मोतियों के दाने के समान हैं। हर तरह के बाधाओं के बाद भी मैं चौथे स्थान पर रही जो मेरे लिए गौरव की बात है। न मेरे पास संसाधन थे न स्टार प्रचारक थे न कार्यकर्ता थे। फिर भी जनता ने मुझे इतना प्यार दिया है जिसका मैं सदा ऋणी रहूंगी।

### कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनता के प्रति व्यक्त किया आभार



**हजारीबाग।** ज़िले के सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने चुनाव समाप्त होने के बाद क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इसे केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने का एक विशेष अवसर है। हजारीबाग की देवतुल्य जनता का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। चुनाव परिणाम चाहे जो भी हो, मैं सदैव आपकी सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। आपके सुख-दुख में सहभागी बनना और आपकी समस्याओं का समाधान करना मेरा जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने क्षेत्र की आवाज को बुलंद करने और विकास के लिए ईमानदारी से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

### 76वां एनसीसी दिवस मनाया गया



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली परनाला हजारीबाग में 76वां एनसीसी डे धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली हजारीबाग के कैडेट एएनओ / टी/ओ राजीव रंजन के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पेंटिंग, ड्राइंग,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भाषण प्रतियोगिता हुई ,जिसका मुख्य बिंदु एनसीसी दिवस था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के मनिका दीदी, ज्योति दीदी, काजल दीदी, विनीत आचार्य, राजीव रंजन लाल, चंद्रदीप एवं विद्यालय के कार्यालय प्रमुख प्रवीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित सदर विधायक ने जनता की समस्याएं सुनी, कहा

## मेरा पहला कर्तव्य है कि क्षेत्र की हर समस्या को हल करूं



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपनी ऐतिहासिक जीत के अगले ही दिन जनता से सीधे संवाद कर जनसेवा का परिचय दिया। 24 नवंबर को अपने कार्यालय परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान का भरोसा दिया। उपस्थित नागरिकों ने क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को श्री प्रसाद के सामने रखा। श्री प्रसाद ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। जल आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए पानी टैंकर की व्यवस्था की जाएगी और बंद पड़ी योजनाओं को पुनः सक्रिय किया जाएगा। जर्जर सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण कार्य को शीघ्र आरंभ करने का आश्वासन दिया। नवनिर्वाचित सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा, मेरी जीत जनता की जीत है। अब मेरा पहला कर्तव्य है कि क्षेत्र की हर समस्या को हल करूं और विकास की नई गाथा लिखूं। जनता के विश्वास को मैं पूरी ईमानदारी और लगन से निभाऊंगा।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने नरसिंह स्थान मंदिर में की पूजा-अर्चना, कहा

## यह जीत मेरी नहीं, मुझ पर भरोसा जताने वालों की है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** चुनावी नतीजों में प्रचंड जीत दर्ज करने के बाद, सदर विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने सबसे पहले नरसिंह स्थान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर उन्होंने ईश्वर की आराधना करते हुए अपनी सफलता का श्रेय जनता जनार्दन को दिया। कहा, यह जीत मेरी नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की है जिसने मुझ पर विश्वास जताया। यह आपके भरोसे और आशीर्वाद का परिणाम है। मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान श्री प्रसाद ने पूरे विधि-विधान से भगवान की आरती की। उन्होंने कहा कि भगवान मुझे सच्चाई, ईमानदारी और जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने भगवान से यह भी प्रार्थना किया कि वह क्षेत्र की प्रगति और जनता की समृद्धि के लिए उनका मार्गदर्शन करें। पूजा के बाद, मंदिर प्रांगण में उपस्थित समर्थकों और स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा, आप सभी ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उसे मैं व्यर्थ नहीं जाने दूंगा। मेरी प्राथमिकता क्षेत्र के हर व्यक्ति की समस्याओं का समाधान करना, विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाना और सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करना है। मंदिर के बाहर समर्थकों का भारी हुजूम उनके स्वागत में उमड़ा।

सांसद मनीष जायसवाल ने अंबेडकर लाइब्रेरी को सौंपी संविधान की प्रति

## भारत का संविधान हर मायने में पूरे विश्व को दिखाता है दिशा : मनीष जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग के जिला परिषद चौक स्थित बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर पुस्तकालय पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा में मल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वहीं डॉ अंबेडकर पुस्तकालय को भारतीय संविधान की एक बेहद ही आकर्षक और विशाल प्रति भेंट की। ज्ञात हो कि पिछले दिनों सांसद मनीष जायसवाल ने इस पुस्तकालय सह संग्रहालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। इसी दौरान पुस्तकालय समिति से संविधान की विशाल प्रति भेंट करने का वादा किया था। जिसे महज दो महीने में ही सांसद मनीष जायसवाल ने पूरा कर दिया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल से डॉ अंबेडकर पुस्तकालय से जुड़े विनोद कुमार, बजदेव राम, लक्ष्मण रवि, प्रदीप कुमार दास, मनोज कुमार, सुधीर कुमार, सतीश कुमार दास, सुन्दर राम, सहदेव अंजना सहित सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े उनके पूर्व विधायक प्रतिनिधि रहें विजय कुमार और उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी उपस्थित रहें। पुस्तकालय समिति से जुड़े लोगों ने भारत के संविधान की प्रति भेंट करने के लिए सांसद मनीष जायसवाल का आभार जताया और धन्यवाद दिया। मौके पर मनीष जायसवाल ने कहा कि संविधान दिवस के दिन सांसद सत्र शुरू होने के कारण हजारीबाग में उपस्थित नहीं रहूंगा।

## मतदाताओं के जनादेश का सम्मान करता हूं : सुनील कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरे लिए यह चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है, लेकिन लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि है। मैं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं के जनादेश का सम्मान करते हुए अपना पराजय स्वीकार करता हूं। मैं परिणाम की गहन समीक्षा कर निरंतर आगे भी बरकठ्ठा की देवतुल्य जनता की सेवा के लिए प्रयासरत रहूंगा। उन्होंने कहा कि मेरे लिए हार कोई मायने नहीं रखता, मैंने शून्य से शुरूआत की है जिसे निर्बाध रखूंगा। कहा कि आपने मुझे शून्य से शुरूआत तक पहुंचाया है। भविष्य में आपका और हमारा यह रिश्ता अटूट रहें इसके लिए हमेशा सकारात्मक पहल करूंगा। आपके सुख- दुःख में सहभागी बनकर आपके बेटा/भाई के रूप में खड़ा रहूंगा। मानवता से जुड़े कार्यों में एक संवेदनशील भारतीय युवा होने के नाते सदैव अग्रणी भूमिका निभाने का भरसक प्रयास करूंगा। आपने जिन्हें अपना जनादेश देकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान किया उन्हें ढेरों शुभकामनाएं और अनंत बधाई। उनसे उम्मीद करूंगा कि आपके जनादेश का सम्मान करते हुए बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विकास और तरक्की में एक नया इतिहास लिखेंगे ।

एनसीसी कैडेट्स ने बिरहोर कॉलोनी में लगाया सेवा शिविर

## एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाते हैं : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** एनसीसी के 76वें में स्थापना दिवस पर शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल की एनसीसी टीम ने खोड़ाहर पंचायत के केवाल स्थित बिरहोर कॉलोनी में सेवा शिविर लगाया। एनसीसी अधिकारी डॉ दीपक शरण की निगरानी में एनसीसी के 50 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इस कार्य में विद्यालय के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, विरेंद्र तिवारी व शिक्षिका फूलमती देवी ने सराहनीय सहयोग किया। एनसीसी कैडेट्स ने बिरहोर आवासीय कॉलोनी की सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। बिरहोर परिवारों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा जानकारी देते हुए जागरूक करते का काम किया गया। साथ ही उनके बीच गर्म कपड़े, दवाइयां, पठन पाठन की सामग्री किताब, कॉपी, कलम और बच्चो के बीच टॉफी, बिस्किट इत्यादि वितरित किया गया। प्राचार्य डॉ मैढ़ ने बधाई देते हुए बताया कि नवंबर माह के आखिरी रविवार को एनसीसी दिवस मनाया जाता है। एनसीसी राष्ट्र का सबसे बड़ा प्रशिक्षित युवाओं का संगठन है। जहां एकता और अनुशासन का पाठ पढ़ कर एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्र की सेवा करने वाले संगठन को कमांड करना गौरव की बात है। विदित हो कि प्राचार्य विरहोर के उत्थान के लिए गंभीर है और लगातार इस दिशा में कार्य कर रहे है। उन्होंने 2006 से तोपचाची के चटकरी स्थित विरहोर परिवार को गोद ले रखा है। जहां लगातार उनके विकास के कार्य कर रहे हैं।

झामुमो कार्यालय में दिन भर रहा जश्न का माहौल, बंटी मिठाइयां

## झारखंड की जनता ने विकास का दिया साथ : बिनोद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रचंड बहुमत से हेमंत सरकार की वापसी की खुशी में कोनरा बरही स्थित झामुमो कार्यालय में दिनभर जश्न का माहौल बना रहा। झामुमो के बरही विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य ने उपस्थित लोगों को मिठाईयां खिलाकर स्वागत किया। साथ ही इंडिया गठबंधन के नेता हेमंत- कल्पना सोरेन व उनकी टीम को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने विकास का समर्थन किया और विपक्ष की झूठे बयानों को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि अब झारखंड में विकास और तीव्र गति से बढ़ेगी। गरीब और वंचित लोगों को उनका हक मिलेगा। भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी जायेगी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर संजय रविदास, मनोज केसरी, जगदीश सिंह, तोहिद अली, खुर्शीद उर्फ बबलू, शमशेर अली, नयुम अली, रमेश पासवान, चिंटू सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## तीसरी बार विधायक बने अमित यादव ने निकाला भव्य विजयी जुलूस



**नवीन मेल संवाददपाता। बरकट्ठा** बरकट्ठा विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक अमित कुमार यादव ने जीत दर्ज करने के बाद रविवार शाम अपने आवासीय कार्यालय बरकट्ठा से विजयी जुलूस निकाला। विदित हो कि बरकट्ठा विधानसभा से अमित कुमार यादव तीसरी बार विधायक बने तथा लगातार दो बार उन्होंने जीत दर्ज की। हालांकि इस बार के चुनाव में नजदीकी प्रतिद्वंद्वी झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव पराजय किया। भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार यादव 3660 वोट से विजयी हुए। अमित कुमार यादव को कुल 82221 मत मिले जबकि झामुमो प्रत्याशी जानकी यादव को 78561 मत मिले। कार्यकर्ताओं ने जुलूस में जमकर पटाखे फोड़े,जय श्री राम, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद ,अमित कुमार यादव जिंदाबाद के खुब नारे लगाये। मौके पर जुलूस में पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, पूर्व प्रमुख प्रीति गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, भोला प्रसाद, बिंदु सोनी, बिरेंद्र मोदी, सुरेंद्र साव, झुनझुन गुप्ता, राजकुमार यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

